दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 162 | छतरपुर, मंगलवार 07 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## आरटीओ 7 दिवस तक शिविर के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस बनाएं- कलेक्टर

### -प्रकरणों का निराकरण न करने पर सीईओ बक्सवाहा सहित सुजारा सचिव पर कलेक्टर ने लगाया अर्थदंड

### -70 प्लस आयुष्मान कार्ड में खराब प्रगति पर नौगांव सीएमओ एवं जनपद सीईओ छतरपुर को कारण बताओ नोटिस

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टी.एल. प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा विभागवार मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। नौगांव सीएमओ को 70 प्लस उम्र के आयुष्मान कार्ड न बनाने एवं खराब प्रगति के लिए एससीएन जारी करने के निर्देश दिए गए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के प्राप्त आवेदन के लिए छतरपुर, लवकुशनगर, बिजावर और बड़ामलहरा को जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता से पूर्ण करने एवं पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने को कहा। सीईओ जनपद बक्सवाहा से अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए भूमि अनुज्ञा को जल्द प्राप्त कर आवेदन को बढ़ाने के निर्देश दिए एवं कार्यशैली में सुधार के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान राजस्व विभाग के तहत नक्शा तरमीम की संख्या पोर्टल पर मिलान न होने, ईडब्ल्यूएस, आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के आवेदनों की समीक्षा की गई। आरटीओ छतरपुर को टीएल में अनुपस्थित रहने पर एससीएन जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आरटीओ विभाग को 7 दिवस में अलग-अलग जगह कैंप लगाकर, जनकल्याण शिविरों में प्राप्त लर्निंग लाइसेंस के आवेदनों का निराकरण करवाने और छतरपुर के हायर सेकण्डरी की बच्चियों को प्राथमिकता से लाइसेंस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की दिसंबर माह की ग्रेडिंग रिपोर्ट में अच्छे प्रदर्शन के लिए लवकुशनगर की प्रशंसा की गई।

***रेन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश***

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के तहत समय सीमा से बाहर प्रकरणों का निराकरण ना करने के लिए सीईओ जनपद बक्सवाहा एवं सुजारा ग्राम पंचायत के सचिव पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए एवं सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को रेन बसेरा का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया।

***आदेशों के अमल की जानकारी रिकॉर्ड रूम में दर्ज कराने के निर्देश***

कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा छतरपुर जनपद सीईओ को 70 प्लस आयुष्मान कार्ड की प्रगति 20 प्रतिशत से कम होने पर एससीएन जारी करने के निर्देश दिए और सीएम हाउस एवं सीएम मॉनिट के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। खनिज के अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण एवं उन पर अधिरोपित शस्ति की प्रति हफ्ते की प्रगति की समीक्षा की गई। छात्रावास निरीक्षण में बिंदुवार जानकारी न होने पर जिला संयोजक आदिम जाति से अप्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही एसडीएम बक्सवाहा एवं बिजावर को अनुसूचित जाति के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाने के लिए निर्देशित किया एवं समय सीमा के अंतर्गत सभी विभाग प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें, उच्च शिक्षा विभाग को निजी महाविद्यालयों के सत्यापन के लिए सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सभी राजस्व अधिकारियों को अपने आदेशों की अमल रिपोर्ट रिकॉर्ड रूम में दर्ज करवाने के निर्देश दिए और डीपीसी को भवनविहीन विद्यालयों एवं जीर्ण शीर्ण भवनों की जानकारी देने को कहा।

***निक्षय मित्रों का पंजीयन कराएं, ताकि टीबी मरीजों की मदद हो सके***

कलेक्टर ने टीबी अभियान अंतर्गत सभी अधिकारियों को निक्षय मित्र बनकर उनको फूड बास्केट, दवाई वितरण, एवं उनकी चिकित्सीय देखभाल करने के लिए कहा और सभी एसडीएम को जनपद स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की मॉनिटरिंग टीम की बैठक कर टीबी के संबंध में विस्तृत बिंदुओं पर चर्चा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारियों को निक्षय मित्र का शतप्रतिशत पंजीयन करवाने के निर्देश दिए।

## 6.3 डिग्री पहुंचा नौगांव का तापमान, सर्द हवाओं से ठिठुरा जिला

छतरपुर। जिले में ठंड का कहर जारी है, सोमवार को छतरपुर शहर का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 22 डिग्री है, जबकि जिले के नौगांव में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री और खजुराहो में 8.2 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं भी चल रही हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है। रविवार की रात को तेज ठंड होने के कारण सोमवार की सुबह खेतों में फसलों के ऊपर ओस की बूंदें, बर्फ के रूप में दिखाई दी। सुबह से घना कोहरा भी छाया था जिस कारण से विजिबिलिटी 100 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 6 दिन तक इसी तरह मौसम रहने का अनुमान है। लोग ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं और गर्म कपड़े पहनकर घर से निकल रहे हैं।

***कोहरे को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी***

जिले में पड़ रही भीषण ठंड के साथ रात के वक्त घना कोहरे होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं,



इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि वाहन चालक यात्रा करने से पहले और यात्रा के दौरान मौसम के पूर्वानुमान की जाँच करें। यदि कोहरे की चेतावनी है, तो अपनी यात्रा को तब तक के लिए टाल दें जब तक कि यह साफ न हो जाए। अगर वाहन चालक कोहरे में गाड़ी चलाते हुए फंस जाते हैं, तो पूरी सावधानी से गाड़ी ड्राइव करें। धीरे-धीरे ड्राइव करें और ऐसी गति से ड्राइव करें जो परिस्थितियों के अनुकूल हो। इसके साथ ही वाहन की प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। लो-बीम हेडलाइट्स का उपयोग करें क्योंकि हाई बीम कोहरे में नमी की बूंदों को प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे इसे देखना कठिन हो जाता है। यदि वाहन में फॉग लाइट है, तो अपने लो-बीम के साथ उनका भी इस्तेमाल करें। फुटपाथ चिह्नों का उपयोग करें, सड़क के बाएं किनारे का उपयोग गाइड के रूप में करें, न कि मध्य रेखा का। सामने चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाएं। वाहन चलाते वक्त फोन पर बात न करें, संगीत न सुनें ताकि ध्यान केन्द्रित रहे। कोहरा अधिक होने पर वाहन को सुरक्षित पार्किंग क्षेत्र में रोक लें और वाहन की लाइन चालू रखें।

## अज्ञात कारणों से छात्रा ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा द्वारा अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, साथ ही मामले की विवेचना की जा रही है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई रोड पर संध्या विहार कॉलोनी के पीछे रहने वाले रामबाबू राजपूत की 15 वर्षीय पुत्री आरती राजपूत ने सोमवार की सुबह करीब 10 बजे अपने घर के भीतर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरती के पिता रामबाबू ने बताया कि वह टैक्सी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। आरती न्यू कमल कॉन्वेंट हाय सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 9वीं की पढ़ाई कर रही थी। वह रोज की तरह सोमवार की सुबह से कोचिंग गई थी और यहां से वापिस आने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने आरती का मोबाइल जप्त करते हुए शव को फंदे से नीचे उतरवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राम कथा में सीताराम विवाहोत्सव सम्पन्न

परिहार गर्जना न्यूज। गढाकोटा। बगीचा वाले दादा दरबार केंकरा में चल रही ग्यारह दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के पंचम दिवस में सीताराम विवाह उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ कथा व्यास पंडित जयप्रकाश तिवारी जी ने श्री राम सीता विवाह उत्सव के प्रसंग में बताया कि जो काम सहज भाव में हो जाता है ।वह अभियान में नहीं होता। उदाहरण देते हुए बताया कि प्रभु श्री राम सहज भाव से उठकर धनुष को भंग कर देते हैं किंतु कई बलशाली राजा अभियान के चलते धनुष को हिला भी नहीं पाए अत: हमें जीवन में श्री रामचरितमानस से सदैव सहज भाव में रहने की प्रेरणा मिलती है। बगीचे वाले दादा दरबार में निरंतर चार वर्षों से हर वर्ष श्री राम कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों एवं क्षेत्र वासियों के माध्यम से होता है और सेवा कार्य के लिए रामायण मंडल केकरा सदैव तत्पर रहता है। रामायण मंडल केकरा निरंतर 8 वर्षों से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों जैसे सुंदरकांड भजन संध्या श्री राम कथा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन में सदैव सेवा कार्य करता रहता है। आज की आज कथा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पंडित मनोज तिवारी , सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# राजनगर में टीवी पेशेंट को निक्षय आयुष्मान मित्रों ने वितरण की पोषण किट




**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो /राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज टीवी पेशेंटों के लिए एक कार्यक्रम खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ यशवंत बमोरिया के निर्देशन में रखा गया था, जिसमें राजनगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को ऑनलाइन निक्षय मित्र बनाया गया, और उनके माध्यम से प्रत्येक प्रतिनिधि को एक अथवा दो-दो पेशेंट गोद दिलवाया ,और उन्हें, और उन्हीं के माध्यम से लगातार 6 महीने तक प्रति महीने पोषण किट दी जाएगी आज भी 10 मरीजों को पोषण सामग्री बांटी गई जिसमें आटा दलिया तेल दाल, इत्यादि सामग्री उपलब्ध थी, मरीजो को सलाह दी गई कोई नियमित दवा का सेवन करें कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें, उन्हें शासन की ओर से भी प्रतिमा ?1000 प्रदान किया जा रहा है ,जनप्रतिनिधियों में टिकरीके सरपंच बृज गोपाल अवस्थी, संजय मिश्रा सचिव धबाड , राजनगर नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रचना पटेरिया, राजनगर संजय चौबे ब्लॉक को ऑर्डिनेटर सृजन संस्था, सुनील पांडे पूर्व सरपंच एवं पत्रकार, प्रवीण जैन बमीठा सरपंच, मुकेश शुक्ला बाहरपुरा सरपंच, जगन्नाथ पटेल पहाड़ी सरपंच इन सभी समाजसेवियों ने एक-एक पेशेंट को 6 महीने तक के लिए गोद लिया, यह सभी लोग उनकी हर महीनेदेखभाल भी करेंगे लगातार 6 माह तक पोषण किट भी देंगे कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टर ने मरीज को सलाह दी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार जताया कार्यक्रम में डॉक्टर ऋतुषा शर्मा ,डॉ आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर एसके पांडे मेडिकल अस्सिटेंट और एसके मिश्रा सुपरवाइजर कृष्ण स्वरूप नगर, एम एल परते इत्यादि उपस्थित रहे।

# बोलेरो और ई-रिक्शा की भिड़ंत, एक की मौत, चार घायल

बछौन। बीती शाम चंदला-बछौन मार्ग पर नहर की पुलिया के पास बोलेरो और ई-रिक्शा के बीच भिडंत हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि घटना के बाद सभी घायलों को 108 की मदद से लवकुशनगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह छत्रपाल उम्र 30 वर्ष निवासी मुकुंदपुर थाना चंदला की मौत हो गई। इसके अलावा दो महिलाएं एवं दो पुरुष घायल हैं, जिन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस ने ई-रिक्शा अपने कब्जे में लेकर बोलेरो वाहन की तलाश शुरू की है।




# पिपट में जनकल्याण अभियान शिविर मे सैकड़ो ग्रामीणों ने लिया लाभ

## सरपंच सचिव ने ग्रामीणों से पूछी समस्याएं किया त्वरित समाधान





**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज।बिजावर/प्रदेश भर में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत विजावर की ग्राम पंचायत पिपट में भी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमे पात्र आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिया गया ।पिपट सरपंच देवकुमारी भागचंद चौरसिया ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुये त्वरित समाधान किया सचिव गिरीश शर्मा रोजगार सहायक ललतेश दुवे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत लगाये गए शिविर में राशन पर्ची,बीपीएल,किसान सम्मान निधि,भवन अनुज्ञा,जमीन की नकल,अंत्येष्टि सहायता,पेंशन,पशु पालन सहित कई योजनाएं के हितग्राहीयो ने आवेदन दिया जिसका त्वरित निराकरण किया गया ।इस दौरान सरपंच देवकुमारी भागचंद चौरसिया,नोडल अधिकारी कमल नयन पाठक,पटवारी अनामिका गुप्ता,सचिव गिरीश शर्मा,रोजगार सहायक ललतेश दुवे,ग्राम सेवक,पशु चिकित्सक, आंगनवाड़ी,एएनएम,आशा कार्यकर्ता सहित बढ़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# जनसेवा का कोई भी अवसर नहीं चूकती विधायक निर्मला सप्रे

## कार्यालय में जनता दरबार, खिमलासा में भागवत कथा के साथ किशनपुरा में श्रद्धांजलि सभा में हुई शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। बीते कुछ दिनों में बीना क्षेत्र के विकास के लिए भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं अन्य विभागों से ग्रामीण विकास के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कराने के बाद बीना लौटी विधायक निर्मला सप्रे जनसेवा का कोई भी अवसर चूकना नहीं चाहती। लगातार जनता के बीच रहकर उनके सुख-दुख में, धार्मिक आयोजनों में एवं व्यक्तिगत समस्याओं में वे लगातार आमजनता तक पहुंचकर अपनी सक्रियता एवं जनसेवा का उदाहरण बनती जा रही हैं। तमाम प्रकार के आरोप प्रत्यारोप के बावजूद अपने जनसेवी कार्यों से जरा भी विचलित हुए बिना वे लगातार क्षेत्र के चौमुखी विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सोमवार को विधायक निर्मला सप्रे सुबह 9 बजे से अपने निवास एवं कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की जनता से मिली, जहां उन्होंने जनता दरबार के माध्यम से न सिर्फ लोगों की समस्याएं सुनी बल्कि उन्हें संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके सुलझाने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में ग्राम सिलारपुर से आए खिलाड़ियों की टीम को उन्होंने क्रिकेट किट प्रदान की और स्वस्थ रहकर खेलों को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप युवा हैं और स्वस्थ मन और शरीर के साथ अपने ग्राम की सेवा में लग जाएं। उन्होंने कहा कि आपकी यह विधायक दीदी हमेशा आपकी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगी। इसके उपरांत दूरदराज ग्रामों से आए लोगों एवं महिलाओं से उन्होंने चर्चा की और उनके आवेदन लेकर उनकी समस्याओं को तत्काल सुलझाने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक अपने व्यस्त शेड्यूल के लिए खिमलासा पहुंची जहां श्रीमद् भागवत कथा के समापन एवं भंडारे में शामिल हुई।



# शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विधायक ललिता यादव ने ली बैठक

## राजस्व, पुलिस व नगर पालिका करे सख्ती से कार्य

छतरपुर। शहर के आवागमन और शहर अतिक्रमण से शहर के मुख्य मार्गों को मुक्त कराने के लिए आज छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने एसडीएम अखिल राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा और नगर पालिका सीएमओ सुश्री माधुरी शर्मा, यातायात प्रभारी बृहस्पति साके व थाना ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव, सिविल लाईन थाना प्रभारी बाल्मीक चौबे एवं तहसीलदार संदीप तिवारी के साथ निवासी पर बैठक की। बैठक में शहर के यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए गल्ला मंडी में भारी माल वाहक वाहनों के लिए बगराजन तिगड्डा के वैरियल को पुनः चालू करने एवं सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक ट्रक व लोडर वाहनों के प्रवेश को बंद करने, ई रिक्शा व आटो का शहर के रोडो पर रूट अलग-अलग सुनिश्चित करने, दुकानों के बाहर के अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ सख्त कार्यवाही करने, चौपाटी पर ही खाद्य पदार्थों की ठिलियां लगवाने, शहर के चौराहो से सब्जी व फल की ठिलियां हटवाने, शहर के आम रोड व बस स्टैण्ड के अंदर लगने वाली आल इण्डिया बसों को ट्रांसपोर्ट नगर में लगवाने के साथ ही शहर के अंदर पार्किंग स्थान सुनिश्चित करने के साथ ही संकट मोचन रोड पर मांस की दुकानों को हटाने की रणनीति तैयार की गई। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने एक सप्ताह में इन बिंदुओं पर कार्यवाही करने और इस व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए व्यापक प्रचार करने सख्त निर्देश दिए।



# धार्मिक स्थल को तोड़ने के विवाद के चलते पूरा सागर दूसरे दिन भी रहा बंद





परिहार गर्जना न्यूज। सागर। शनिवार को कोतवाली थाना अंतर्गत बरियाघाट के मंदिर तोड़ने विवाद के चलते दो समुदाय के बीच में विवाद हो गया था जिसके चलते दो समाज के लोग आमने सामने आ गए थे जिसके बाद विवाद की स्थिति बन गई थी ।जिसके कारण सागर शहर पूर्त: बंद रहा जगह जगह नारे लगाकर अपनी नाराजगी जाहिर की गई।

सागर को अमन और शांति का टापू कहा जाता है लेकिन पिछले 24 घंटे से यहां की फिजा बदली बदली सी नजर आ रही है, भाईचारे से रहने वाले शहर में रविवार की सुबह अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ अलग रही है, आस्था और भावनाओं को लेकर शहरवासी दो धड़ो में नजर आने लगे, तो शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती कटरा से लेकर खूबसूरत चकराघाट तक, सर्राफा से लेकर लक्ष्मीपुरा तक का इलाका छावनी बना हुआ है,

यहां कोतवाली के चारो तरफ की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, लेकिन बरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी हर सड़क पर, हर गली में ,हर मकान पर नजर रखे हुए हैं, बता दे यह बवाल शनिवार दोपहर धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त करने के बाद से शुरू हुआ है जिसके चलते 6 घंटे लोग कोतवाली थाने को घेरे रहे थे, जहां एक समय ऐसा भी आ गया था जब सोनी समाज के लोग और जैन समाज के लोग आमने सामने भी आ गए थे पुलिस ने बेरिगेट्स लगाकर दोनों पक्षों के टकराव को रोके रखा था,

दरअसल शहर के बड़ा बाजार मे सराफा बाजार इलाके मे जैन समुदाय का एक मंदिर स्थित है। इस मंदिर की जगह पर कुछ दिनों पहले जैन समाज के दर्जनों युवाओं ने मुंह पर नकाब बांधकर विश्वकर्मा परिवार से जबरन मकान खाली कराने को लेकर तोड़फोड़ कर दी थी। यह मामला अभी थमा भी नहीं था और जैन मंदिर की ज़मीन से सटे जड़िया परिवार के कुलदेवी के मंदिर को जैन समाज के कुछ युवाओं ने तोड़ दिया। उन्हें रोकने पहुंचे परिवार के लोगों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, सिर में रॉड लगने से बाबू जड़िया का सिर फट गया। इसके बाद मामला बिगड़ गया और जड़िया, सोनी व सराफा व्यापारी आक्रोशित हो गए। इसके बाद हिंदू संगठनों से जुड़े लोग भी सड़क पर उतर आये थे। इसके बाद प्रशासन द्वारा स्थिति को संभाल लिया मगर सोमवार को भी बाजार बंद रहा ।इसके चलते प्रशासन द्वारा कोतवाली थाना अंतर्गत धारा 163 लागू की गई जिसके चलते बाजार नहीं खुल पाया ।वही रविवार की शाम को सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस की गई जिसमें बताया कि पूरी लापरवाही प्रशासन द्वारा बरती गई कोई भी अपराधी किसी भी समाज का नहीं होता अपराधी केवल अपराधी होता हे जैन समाज मंदिर तोड़ने की बात भी नहीं कर सकता इसमें किन्हीं अपराधी तत्वों की करतूत हो सकती हे हम जैन समाज चाहते हे कि निष्पक्ष जांच हो । फिर भी एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा जिला चिकित्सालय पहुंचे और पीड़ितों से बात की ओर उनके स्वास्थ की जानकारी ली।

## महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने सूबेदार वार्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत् कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुषील तिवारी, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती संगीता जैन ने सूबेदार वार्ड पार्षद श्रीमती रूबी कृष्णकुमार पटैल के साथ सूबेदार वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर के पास कौषिक परिवार द्वारा करायी जा रही श्रीमद् भागवत् कथा में पहुँचकर धर्म लाभ लिया।



इस अवसर पर महापौर ने कथावाचक श्री संजय शास्त्री जी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा कौषिक परिवार ने महापौर, महापौर प्रतिनिधि, महापौर परिषद सदस्य एवं सूबेदार वार्ड पार्षद का स्वागत किया।

इस अवसर पर महपौर ने कहा कि श्रीमद् भागवत् कथावाचक पं.श्री संजय शास्त्री जी द्वारा बहुत ही अच्छी तरह से भागवत् जी प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है जिस कारण कथा स्थल पर इतनी बड़ी संख्या में श्रध्दालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे है। उन्होने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार हमारे धर्म ग्रंथों के माध्यम से ही दिये जा सकते है, इसलिये सभी लोग अपने बच्चों को धर्म ग्रंथों को पढ़ने के लिये प्रेरित करें।

महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुषील तिवारी ने कहा कि कथावाचक पं.श्री संजय शास्त्री जी के मुखारविंद से की जा रही संगीतमय श्रीमद् भागवत् कथा से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया है तथा भक्तिरस में डूब गया है। उन्होने कहा कि पं. संजय शास्त्री जी पर साक्षात् माँ सरस्वती जी की कृपा है जिसकारण उनके द्वारा श्रीमद् भागवत् कथा का श्रवण करने इतनी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे है तथा शास्त्री जी धर्मध्वजा फहरा रहे है मैं, उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने के लिये वे अपना योगदान दे रहें है। महापौर प्रतिनिधि श्री तिवारी जी ने कथा स्थल पर उपस्थित सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि श्री सुषील तिवारी ने श्रीमद् भागवत् कथा के मुख्य यजमान श्रीमती सुरभि, डॉ.शुभम कौषिक, पं.नरेन्द्र मिश्रा, पं.श्री लक्ष्मीनाराण, सुरेष कुमार, रामप्रकाष, रामवरन, बृजभूषण, संतोष, रामविषाल, रामबाबू, नरेष, शैलष एवं कौषिक परिवार सभी सदस्यों को इस आयोजन के लिये धन्यवाद दिया।

## चाइनीज़ मांझा, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर करें सख्त कार्रवाई-कलेक्टर

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वह उनके क्षेत्र में आने वाले पब्लिक प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण करें, वहां फायर ऑडिट देखें साथ ही मूलभूत व्यवस्थाओं की जांच करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं सहित डॉक्टर, स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार सभी अस्पतालों में आग लगने जैसी दुर्घटनाओं से बचने के पर्याप्त इंतजाम रहें। उन्होंने यह भी कहा है कि समय-समय पर मॉक ड्रिल के माध्यम से फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग आदि की रिहर्सल भी करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सहित समस्त सीएमओ को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार चाइनीज़ मांझा के विक्रय पर भी सख्त कार्यवाही करते हुए जब्ती के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



## 63 लीटर अवैध शराब के साथ 2 आरोपी पकड़े, भेजा जेल

### बाइक पर रखकर भीम वार्ड ला रहे थे अवैध शराब से भरी बोरियां

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़कर 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।



थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब की रोकथाम करने के लिए एसपी सागर विकास सहवाल के निर्देशन एवं एसडीओपी बीना नितेश पटेल के मार्गदर्शन में टीम का गठन कर मुखबिर से सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति बाइक पर रखकर अवैध शराब ला रहे है। सूचना मिलने पर मुखबिर के बताए गए स्थान पर स्टाफ को भेजा गया। जनपद पंचायत कार्यालय से भीम वार्ड की ओर एक काले सफेद कलर की बाइक क्रमांक एमपी 15 एमएक्स 3013 पर 2 युवक 2 बोरी रखकर जा रहे थे। जिन्हें रास्ते में रोककर गवाहों की मौजूदगी में पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम अमित कुशवाहा एवं अनिल सेन बताया। जब पुलिस ने उनके पास मौजूद बोरी को खोल कर देखा तो उसमें 6 खाकी कलर के डिब्बे मिले। जिसमें 50-50 पाव देशी मसाला 180 एमएल कुल 54 लीटर एवं 12 बोतल रम शराब 750 एमएल कुल 9 लीटर यानी देशी मशाला एवं रम शराब कुल 63 लीटर, जिसकी कीमत कुल 37 हजार 200 रुपए की जब्त की है। युवकों से मिली शराब के दस्तावेज मांगे गए लेकिन उनके द्वारा कोई भी शराब रखने के दस्तावेज नहीं दिखाने पर अवैध शराब को बाइक सहित जब्त किया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी अमित पिता जगत सिंह कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम निवारी थाना खिमलासा एवं अनिल पिता मुन्ना लाल सेन उम्र 20 वर्ष निवासी हिरनछिपा बीना के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। सराहनीय कार्य टीम- उक्त शराब को पकड़ने वालों में थाना प्रभारी अनूप यादव, एसआई कविता द्विवेदी, एसआई शैलेंद्र सिंह, छोटी बजरिया पुलिस चौकी प्रधान आरक्षक अजय सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक यूनुस खान, आरक्षक दिलीप कुर्मी, आरक्षक सुभाष मौर्य, आरक्षक गोपाल तोमर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## अग्निवीर सेना भर्ती 13 जनवरी तक

### पहले दिन में 957 युवाओं ने दी उपस्थिति, दूसरे दिन भिंड जिले के 1296 अभ्यार्थी होंगे शामिल

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। अग्निवीर सेना भर्ती के लिए युवाओं में भारी उत्साह, पहले दिन में 957 युवाओं ने उपस्थिति दी अग्निवीर भर्ती रैली का 06 जनवरी 2025 को पहला दिन था जिसमें मध्यप्रदेश के 03 जिलों (ग्वालियर, दतिया और निवाड़ी) के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। कुल 1285 युवाओ को इस दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे जिसमें 957 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दुसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 371 युवाओं ने दौड़ पास की है।



गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के 10 जिलों के लिए आयोजित सेना भर्ती के लिए 8914 युवाओं ने सीईई परीक्षा पास की थी। इन दौड पास उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिला प्रशासन सागर और सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी केवल योग्यता के आधार पर होती है। जालसाजों के झांसे में ना आए। अग्नि वीर भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भिंड जिले की 1296 अभ्यार्थी शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री सामुहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत-

# रूपरेखा बनाकर कराएं आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था

## पुराने पेंशन प्रकरणों का समय पर कराएं निराकरण, टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुये लम्बित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि 100 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाये। साथ ही उन्होंने समाधान ऑनलाइन में चयनित एट्रीव्यूट रिपोर्ट की लम्बित शिकायतों के सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने न्यायालय के कंटेम्प्ट केसों की समीक्षा की, जिसके तहत समय पर कम्पाइल रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले की सभी जनपद पंचायत में सामुहिक विवाह योजना अंतर्गत रूपरेखा बनाकर आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। तत्पश्चात उन्होंने जिले में साइकिल वितरण की स्थिति की समीक्षा की तथा शीघ्र वितरण कराने के निर्देश दिये।



उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों की रिपोर्ट की समीक्षा के साथ आगामी शिविर के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए साथ पोर्टल में प्राप्त आवेदनों के निराकरण दर्ज कराने एवं जन कल्याण योजनावार प्रगति पत्रक के आधार पर सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थ दर्शन योजना के संबंध में सम्बंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

***सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को-***

कलेक्टर श्री शर्मा ने 12 जनवरी को सूर्य नमस्कार की सम्पूर्ण व्यवस्था और तैयारी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की समस्त शिक्षण संस्थाओं (प्राथमिक विद्यालय को छोड़कर) महाविद्यालय में आयोजन किया जाये, प्रात: 9 से 10 तक राष्ट्रीय गान और गीत तथा पीएम का वाचन सुना जाये, जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के पंजीयन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वर्द्धजनों के पंजीयन प्राथमिक रूप से किया जाये, लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन की जिन ग्राम पंचायतों की सबसे कम प्रगति है उन पंचायतों में रात्रिकालीन शिविर लगाये गये।

***ढोंड़ी पिटवाकर बांटे राशन-***

बैठक मे कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वामित्व योजना की रिपोर्ट समीक्षा उपरांत निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुये राजस्व से सम्बंधित प्रकरणों का निराकरण और इ-केवाइसी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नल जल योजना अंतर्गत पूर्ण योजनाओं को हैंड ओवर कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पात्र हितग्राहियों के नवीन राशन कार्ड एवं पात्रता पर्ची बनाने के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में राशन वितरण समय पर हो और सभी ग्रामों में ढोडी पिटबा कर राशन वितरण की सूचना दी जाये। पेंशन प्रकरण को समय पर निराकरण कराने हेतु निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि अनुकम्पा नियुक्तियों से सम्बंध में लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्दवेगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिटी कलेक्टर एसके तोमर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आरके पस्तोर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, डीपीसी पीआर त्रिपाठी, डीडी विटनरी डॉ. आरके जैन, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने ग्राम हरपुरा, बैरवार तथा बन्ने बुजुर्ग में सांसद उत्सव भवन का किया लोकार्पण

## नशा से होती है शरीर और धन की बर्बादी-डां वीरेन्द्र कुमार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री एवं टीकमग़ संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ वीरेन्द्र कुमार ने आज तहसील जतारा की ग्राम पंचायत हरपुरा में सांसद उत्सव धाम का लोकार्पण कया। केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने हरपुरा ग्राम में 10 लाख रूपये की की लागत सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्मित सांसद उत्सव भवन का गांव के बुजुर्ग के हाथों विधि-विधान से पूजन कर लोकार्पण किया। इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने ग्राम बैरवार तथा बन्ने बुजुर्ग में भी प्रति 10 लाख रूपये की लागत की सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्मित सांसद उत्सव भवन का विधि-विधान से पूजन कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कुमार ने कन्या पूजन कर किया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि गांव में ही उत्सव भवन के निर्माण हो जाने से ग्रामीणजनों को शादी-विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजनों में सहूलियत होगी। इस दौरान डॉ. कुमार ने ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना तथा निराकरण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



तत्पश्चात कन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने ग्राम बैरवार में उपस्थित ग्रामीणजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा करने से स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक हानि भी होती है, जिससे पूरे परिवार के साथ ही समाज की उन्नति का मार्ग भी अवरूद्ध होता है। अत: हमें नशे को त्याग कर उत्तम जीवन शैली को अपनाना है और समाज, प्रदेश तथा देश को नशे से मुक्त कराना है। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीयजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डारगुवा में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन-

# हार से घबराएं नहीं, जीत के लिए अभ्यास करें-दिग्विजय सिंह गौर

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिलान्तर्गत खरगापुर विधानसभा के ग्राम डारगुवां में मिश्रा क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था, जिसका आज समापन हुआ। अंतिम दिन फाइनल मैच खरगापुर एवं बड़ा मलहरा के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए खरगापुर टीम ने 16 ओवर के मैच में 211 रन का लक्ष्य दिया। वहीं बड़ा मलहरा टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 135 रन पर ऑल आउट हो गई। वहीं खरगापुर टीम ने 76 रन से मैच जीत लिया। इस निर्णायक मैच में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर ने सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर प्रोत्साहन किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। वहीं ऐसे खेलों से हमारे क्षेत्र के नौजवानों के अंदर जो प्रतिभाएं रहती हैं। वह निकलकर सामने आती हैं और खेल से हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इसके साथ ही उन्होंने जीतने वाली टीम को शुभकामनाएं दीं। वहीं हारने वाली उप विजेता रही बड़ा मलहरा टीम को निराश न होने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हार जीत एक पहलू के दो हिस्से हैं। हार से घबराना नहीं चाहिए। अगली बार जो गलतियां की है, उनको सुधारने की कोशिश करना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की खेलों के प्रति कोई कमी नहीं की जाएगी साथ ही विकास कार्यों में भी कोई कमी नहीं की जाएगी। इस निर्णायक मैच में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह, मुन्नालाल मिश्रा, हेमंत तिवारी, आकाश तिवारी, जयपाल सिंह, ग्राम पंचायत डारगुआं सरपंच, गोरेलाल रैकवार, बाबे राजा, अशोक सिंह एवं क्षेत्र की जनता उपस्थिति रही !



# वन परिक्षेत्र जतारा में हुआ स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ अनुभूति कैंप

### अतरिक्त अपर जिला सत्र न्यायाधीश के साथ जतारा न्यायालय के अन्य न्यायाधीश हुए शामिल



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आम जनमानस में पर्यावरण, पारिस्थितिक तंत्र और वनों के प्रति चेतना विकसित करने के उद्देश्य से स्कूली विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कैंप का आयोजन आलपुर आंवला हाईटेक नर्सरी में किया गया। जिसमें 'हम हैं बदलाव' थीम पर आधारित प्रथम अनुभूति कैंप में सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल जतारा और कन्या हाई सेकंडरी स्कूल जतारा के 52- 52 कुल 126 स्कूली विद्यार्थियों के साथ- साथ स्कूलों के शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ अनुभूति मास्टर ट्रेनर्स के रूप में श्रीमती मनीषा बघाड़े उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़, द्वारिका प्रसाद शुक्ला, मनोज चौबे और अनुभूति प्रेरक आरती कुशवाहा, ओम प्रकाश रैकवार, जालिम प्रजापति उपस्थित रहे । बताया गया है कि उक्त कैंप के आयोजन के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने सुबह से पक्षी दर्शन करके नेचर ट्रेल पर चलते हुए पर्यावरण और वनो के बारे में बारीकी से सीखकर कैंप की अनुभूति करके शपथ के माध्यम से पर्यावरण और वनों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। अनुभूति कैंप के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा प्रकृति का एहसास करते हुऐ सांस्कृतिक कार्यक्रम करके अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश वानवंशी जी, जेएमएफसी न्यायाधीश संगीता डावर, अभिषेक त्रिपाठी, विजया भारती यादव एवं न्यायाधीश नारायण यादव के साथ-साथ न्यायालय के अन्य आमंत्रित अतिथियों ने स्कूली विद्यार्थियों से संवाद करते हुऐ वन एवं पर्यावरण के साथ-साथ कानून से संबंधित बहुत ही रोचक जानकारियां दी गई और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुऐ अनुभूति कैंप में दिए गए सन्देश को समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया गया। उक्त कैंप में नगरपालिका उपाध्यक्ष जतारा रिंकु पठान, जतारा विधायक निज सहायक एनआर घोष, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह के साथ-साथ अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और आलपुर समिति अध्यक्ष और समिति सदस्य उपस्थित रहे। अनुभूति कैंप के दौरान जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के द्वारा भी स्कूली विद्यार्थियों को ज्ञान वर्धक जानकारी दी गई। कैंप के दौरान क्वीज प्रतियोगिता के साथ साथ मौखिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किए गए। कैंप में आए हुऐ विद्यार्थियों को अनुभूति बुक, कैप, बैग एवं पेन वितरित किया गया। कैंप के दौरान सभी विद्यार्थियों के लिए सुबह का चाय नाश्ता, दोपहर का स्वादिष्ट भोजन और शाम को चाय बिस्कुट प्रदान किया गया। उक्त अनुभूति कैंप में सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल और कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं एवं वन विभाग का संपूर्ण वन अमला उपस्थित रहा। आज का प्रथम अनुभूति कैंप जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व और निर्देशन में सफलता पूर्वक आयोजित कराया गया। जिसमे पर्यावरण से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

# आठ वर्ष बीत जाने के बावजूद तहसीलदार द्वारा अपर आयुक्त सागर के आदेश का नहीं किया जा रहा पालन, गरीब किसान परेशान



ऋषि मिश्रा


परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में भर्रेशाही का आलम कायम है, लोग भारी परेशान है, अनेक किसान उच्च न्यायालयो द्वारा आदेश पारित होने के बावजूद स्थानीय अधिकारीयों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे आम आदमी भारी परेशान है, तहसील कार्यालयों में इस प्रकार के सबसे अधिक मामले सामने आ रहें है। इसी प्रकार का मामला अमानगंज तहसील का प्रकाश में आया है, अमानगंज तहसील अन्तर्गत ग्राम महेवा के गरीब दलित किसान राम बहोरी कोरी पिता लक्ष्मण प्रसाद द्वारा कलेक्टर के नाम जन सुनवाई में दिये आवेदन मे उल्लेख किया कि अपील प्रकरण क्रमांक/0268/अ-6/2016-17 में अपर आयुक्त सागर संभाग द्वारा आदेश पारित किया गया था, कि महेवा में आरआजी क्रमांकक 188/2, 2685/2, 2295, 2296 कुल किता 4 रकवा 3.683 हैक्टेयर केशरबाई फौत, आशीष कोरी पिता लक्ष्मण प्रसाद एवं राम किशोर कोरी पिता छिद्दी कोरी बगैरा के संबंध में न्यायालय अपर आयुक्त सागर के अपील प्रकरण 2016-17 में पारित आदेश दिनांक 17 जनवरी 2024 को निरस्त कर दिया गया है, तथा पूर्व में 16-17 मे अपर आयुक्त सागर द्वारा मेरे पक्ष में फैसला दिया गया था, जिसको लेंकर मेरे द्वारा लगातार तहसील कार्यालय में उक्त आदेश का पालन कराने एवं राजस्व अभीलेखो मे दर्ज कराने का अनुरोध किया गया। लेकिन उक्त मामले में तहसील कार्यालय के संबंधित लिपिक राम भजन तिवारी द्वारा राजेश अभीलेखो मे अमल नहीं किया जा रहा है। उक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज से भी अनुरोध किया गया। लेकिन उनके द्वारा भी अपर आयुक्त के आदेश को नहीं माना जा रहा है। आवेदक नें संबंधित मामले में जिला कलेक्टर से कार्यवाही कराने की मांग की है।

# मौसम ने ली करवट किसानो के लिए हुई अमृत वर्षा लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते किसानो को नहीं मिल रही युरिया खाद्य किसान परेशान

## कृषी विभाग सहित जिले के जिम्मेवार बने उदासीन कृषी उप संचालक कर रहे है झूठे दावे





परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/गत दिनों जिले में हुई बारिश को रबी फसलों के लिए अमृत वर्षा माना जा रहा है। सही समय पर आवश्यकता अनुसार पर्याप्त बारिश होने से अन्नदाता किसानों के चेहरे खुशी से खिल रहे थे लेकिन अब वह निराश और मायूस नजर आ रहे हैं। किसानों की खुशी को यूरिया किल्लत की नजर लग गई है। बारिश होने के बाद जहां यूरिया की जरूरत अचानक से कई गुना बढ़ गई है वहीं मांग के अनुरूप यूरिया न मिलने से किसान खासे परेशान है। यह स्थिति तब है जब जिले में यूरिया समेत अन्य रासायनिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि आंचलिक क्षेत्रों से जिस तरह की तस्वीरें निकल कर सामने आ रहीं है वह सरकारी दावों पर कई सवाल खड़े करती हैं। अजयगढ़ विकासखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक विपणन सहकारी समिति मर्यादित अजयगढ़ के बाहर अंचल के किसानों की लम्बी कतार लग रही है। यूरिया खरीदने के लिए सुबह-सुबह कड़ाके की सर्दी में ही किसान अजयगढ़ पहुँच जाते हैं। विपणन समिति के बाहर कई घंटे लाइन में लगने और नकद राशि देने के बाद भी किसानों को मांग के अनुसार यूरिया नहीं मिल पा रही है। ऐसे ही कृषक बाबूलाल गुप्ता निवासी सिमराकला ने बताया कि उनकी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में बड़े दाने की यूरिया उपलब्ध है जोकि खेत में डालने पर घुलने में काफी समय लेती है। इसलिए वह अजयगढ़ स्थिति विपणन समिति से नकद में छोटे दाने की जल्दी घुलने वाली यूरिया लेने गए थे, लेकिन अब वहां भी छोटे दाने की यूरिया (रासायनिक उर्वरक) समाप्त हो चुकी है। कृषक बाबूलाल ने बताया कि लगातार दो तीन दिन तक भटकने के बाद भी उसे छोटे दाने का यूरिया नहीं मिला। मजबूरी में उन्हें बड़े दाने वाली यूरिया लेनी पड़ी। अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम थरकेपुरवा निवासी 4 एकड़ कृषि भूमि के कृषक शिवनाथ यादव, ग्राम माधौगंज निवासी 6 एकड़ भूमि के किसान अनिल गुप्ता ने यूरिया की किल्लत पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होने बताया कि, पिछले दिनों प्रकृति की मेहरबानी के चलते अच्छी बारिश होने से फसल सिंचाई पर होने वाला खर्च और श्रम बच गया। अमृत वर्षा से फसल उत्पादन में भी पर्याप्त वृद्धि होने की पूरी उम्मीद थी लेकिन समय पर मांग अनुसार अपेक्षित यूरिया न मिलने से उत्पादन में वृद्धि की उम्मीदें अब धूमिल पड़ती दिख रहीं है। नकद राशि देने के बाद भी छोटे दाने वाली यूरिया मांग के मुताबिक् न मिल पाने से किसान परेशान है। वहीं दूसरी ओर उपसंचालक किसान कल्याण विभाग ऐ पी सुमन ने बताया कि 3 दिसम्बर की स्थिति में जिले में कुल 8 स्थानों पर 1586 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध थी। उनका दावा है जिले में अभी भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है और इसकी सतत आपूर्ति भी जारी है। श्री सुमन ने कहा कि यूरिया की जमाखोरी को रोकने के लिए किसानों को उनके आराजी रकबा अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया वितरित की जा रही है। उन्होंने आंगे कहा कि एक हैक्टेयर भूमि में सिर्फ 25 किलोग्राम यूरिया डालना चाहिए। फसलों पर संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग किया जाना जरुरी है, क्योंकि यूरिया की मात्रा अधिक होने पर फसल खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में फसल लूज होकर जमीन पर गिर जाती है। उप संचालक श्री सुमन ने बताया कि हाल ही में जो बारिश हुई है उसमें यूरिया समेत अन्य पोषक तत्व मौजूद हैं इसलिए भी निर्धारित मात्रा में रसायनिक उर्वरकों का उपयोग किया जाना चाहिए। फसल में अधिक मात्रा यूरिया या फिर अन्य उर्वरक डालने से फसल उत्पादन उस अनुपात नहीं बढ़ता है, उत्पादन में अधिकतम जितनी भी वृद्धि संभव हो सकती है वह निर्धारित मात्रा में उर्वरक के उपयोग से प्राप्त की जा सकती है। इसलिए किसानों को उनके आराजी रकबा के अनुपात 2, 3 या 4 बोरी यूरिया दिया जा रहा है। इससे जमाखोरी रोकने में भी मदद मिलती है। उप संचालक सुमन ने यह भी बताया कि पन्ना जिले में जैविक खेती में एक भी कृषक का पंजीयन नहीं है। लोग जैविक खेती को बड़ावा देने के लिए आंगे नहीं आ रहे है तथा वहीं पारम्परिक खेती कर रहें है।

# तालाब में तैरते मिला है युवक का शव



दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अजयगढ़ तहसील मुख्यालय में स्थित हजूरी तालाब में एक युवक का शव तैरते हुए देखा गया, जिसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस नें घटना स्थल पंहुचकर शव को तालाब से निकलवाया गया तथा उसका पंचनामा बनवाया गया, एवं युवक की पहचान कराई गई, जिसमें युवक की पहचान उसके परिजनो द्वारा की गई तथा बताया गया कि कछियाना मोहल्ला निवासी म्रतक युवक गोविन्द कुशवाहा है, जो सुबह शौच क्रिया के लिए गया था, उसे मिर्गी की बिमारी थी इस लिए लगता है कि उसी दौरान मिर्गी आ जाने के चलते वह तालाब में गिर गया, अधिक ठंड एवं तालाब गहरा होने के चलते उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने म्रतक का पोस्ट मार्टम कराया तथा शव परिजनो को सौपते हुए मर्ग कायम करते हुए विवेचना की जा रही है।

# ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में मनरेगा के कार्य हो रहे मशीनो से मजदूरो को नहीं मिल रहा काम

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में मनरेगा योजना अब अधिकारीयों तथा ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो सरपंच, सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायक की मन की योजना बन गई है, मनमाने ढंग से उक्त योजना का संचालन किया जा रहा है, अधिकाशं पंचायतो में मजदूरो के स्थान पर मशीनो से कार्य कराये जा रहे है। जिससे मजदूर बेरोजगार बैठे हुए है, तथा जिम्मेवारो द्वारा फर्जी रूप से अपने परिवार एवं संबंधित लोगो के नाम मस्टर मे डालकर राशि आहरित कर ली जाती है तथा



फर्जी वेन्डर बनाकर मटेरियल की राशि मे भी व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, इसी प्रकार का मामला पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ का प्रकाश मे आया है, जहां पर रात्रि के समय जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य कराये जा रहे है, उक्त मामले को लेकर स्थानीय लोगो द्वारा जनपद पंचायत के अधिकारीयो को भी अवगत कराया लेकिन उसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रहीं है। खेल मैदान, तालाब निर्माण, सहित अन्य निमार्ण कार्य मशीनो से कार्य कराये जा रहें है, स्थानीय लोगो ने संबंधित ग्राम पंचायत के जिम्मेवारो पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# कलेक्टर ने सोलो साइकलिस्ट को किया सम्मानित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोलो साइकलिस्ट एवं एथलीट आशा मालवीय को आज पन्ना आगमन पर प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की निवासी आशा मालवीय साईकिल से देश भ्रमण पर निकली हैं। सोमवार को पन्ना पहुंचने पर सोलो साइकलिस्ट ने जिला कलेक्टर ने भेंट की। इस दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार ने कलेक्टर कक्ष में आशा का सम्मान करते हुए दृढ़ इच्छा शक्ति की सराहना की और इस अभिनव प्रयास को देश के युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। आशा मालवीय ने बताया कि गत 24 जून को वे तमिलनाडु के कन्याकुमारी से करगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर भारतीय सेना के सैनिकों की वीरता, शौर्य और अदम्य साहस का जश्न मनाने के लिए अकेले साईकिल से यात्रा पर रवाना हुईं हैं। महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता का प्रयास भी साईकिल यात्रा का उद्देश्य है। मेरे द्वारा अब तक 16 हजार 300 किलोमीटर की यात्रा की जा चुकी है। कन्याकुमारी से करगिल और सियाचीन की यात्रा भी इस दौरान मैंने सफलतापूर्वक पूर्ण की।



# जिले के जनप्रतिनिधियों ने कहा सरकार की किसान भ्रमण योजना से किसान होंगे लाभांवित

## अंतर्राष्ट्रीय मेला में किसान सीखेंगे उत्पादन की नई-नई विधियां




**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 06 जनवरी। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा किसान भ्रमण योजना जो सरकार द्वारा चलाई गई है, उसमें बहुत से किसान दमोह जिले से जलगांव भ्रमण के लिए जा रहे हैं, जहां पर अंतर्राष्ट्रीय मेला लगा है, वहां पर खेती के लिए नए-नए उत्पादन किसान को कैसे करने हैं, जैविक खेती कैसे करनी है और अपनी उत्पादकता कैसे बढ़ानी है यह सिखाया जाएगा। बुंदेलखंड को खेती में आगे बढ़ाने के लिये यह सरकार की एक मुहिम है।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कृषि विभाग द्वारा दमोह जिले के किसानों का दूसरे प्रदेशों में भ्रमण और दमोह जिले में एक उत्पाद में चना दाल है, उस चने की दाल का भी पूरे देश भर में प्रचार हो, दमोह के किसानों द्वारा जो चना उत्पादन किया जाता है, जिसके माध्यम से जो दाल बनाई जा रही है, उस दाल का भी सभी में प्रचार प्रसार करते हुए किसानों को नई तकनीकी से कृषि कैसे कर सकते हैं, यह सभी सीखने का अवसर कृषि विभाग द्वारा दिया जा रहा है। निश्चित ही इसका लाभ किसान बंधु लेंगे।

लोकेन्द्र पटैल (लकी भैया) ने कहा एक जिला एक उत्पाद योजना अंतर्गत दमोह जिले से जलगांव के लिए किसान की एक टीम जा रही है, वहां पर पूरे भारत वर्ष के किसानों का मेला लग रहा है, वहां पर नई-नई तकनीकी सीखने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से किसानो की टीमों को भेजा जा रहा है, किसान वहां से उत्पादन के बारे में सीखकर आएंगे और यहां पर आकर उसको अप्लाई करेंगे, इस उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा किसानो की टीम को जलगांव भेजा जा रहा है।

किसान रामेश्वर पटेल ने कहा मध्य प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को जलगांव के लिए भेजा जा रहा है, वहां पर किसानों का राष्ट्रीय मेला लगा हुआ है। दमोह जिले से 20 से 26 किसान जा रहे हैं। उन्होंने कहा चने की दाल के लिए उत्पादकता कैसे बढ़ाया जाए, बाहर के किसान कैसे-कैसे खेती करता है, हम भी देखेंगे और यहां पर आकर उन चीजों और तकनीकों का उपयोग करेंगे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा पथरिया नगर में रजवांस रोड स्थित विभिन्न किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण , सूजी एवं सफेद तिल के लिए गए नमूनें, गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूनें

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह =06 जनवरी। कलेक्टर दमोह सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए पथरिया के रजवांस रोड वार्ड नंबर 1 स्थित नंदकिशोर किराना भंडार से सूजी एवं सफेद तिल के नमूनें जांच हेतु लिए गए, जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। परिसर में मौके पर फूड पंजीयन की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं पाई गई। किराना दुकान संचालक को मौके पर पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट बनवाने एवं फोस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त के निर्देश दिए गए।



## महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई का दिया जा रहा प्रशिक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 06 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सेडमैप द्वार कैदो की तलैया की महिलाओ को सेडमैप प्रशिक्षण केन्द्र मे सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमे से ज्यादातर महिलाओं द्वारा पन्नी एवं कबाड़ बीनने का कार्य किया जा रहा था। इस प्रशिक्षण में शाला त्यागी बालिकाये रुचीपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अभी तक 40 से अधिक महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपना पंजीयन करवाया गया है।

महिलाओ दवारा बताया गया की इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर उनके जीवन में एक नई राह मिलेगी। सभी महिलाओं एवं युवतियों द्वारा कलेक्टर श्री कोचर को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया गया।

## शांति समिति की बैठक आज

दमोह =06 जनवरी। शांति समिति की बैठक आज 07 जनवरी 2025 को शाम 05 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधित अधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पटी महाराज सिंह में शिविर संपन्न

दमोह = 06 जनवरी। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत शिविर जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पटी महाराज सिंह में आयोजित किया गया, जिसमें सभी विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और उनके निराकरण हेतु तत्काल विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। एसडीएम सौरभ गन्धर्व द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कराई गई। शिविर में मध्य प्रदेश जल निगम से ओम प्रकाश विश्वकर्मा के द्वारा ग्राम वासियों की उपस्थिति में पेय जल सम्बंधित समस्याओं के आवेदन लिए गए और उनके निराकरण हेतु तत्काल क्षेत्रीय अधिकारी के द्वारा कार्रवाई कराई गई एवं जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

### कलेक्टर श्री कोचर ने आमजन से कहा

## अवैध,अनाधिकृत कॉलोनियों के निर्माण कार्य की सूचना दमोह हेल्पलाईन नंबर 0812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है

### सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता, मोबाईल नंबर पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 06 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आम जन को सूचित करते हुये कहा है, कि मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के अध्याय-3 में अनाधिकृत कालोनियों के विकास के विरूद्ध नगरपालिका,नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित/निर्मित अवैध/अनाधिकृत कॉलोनियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्राधिकृत अधिकारी जिला कलेक्टर तथा मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के प्रावधानों में प्राधिकृत अधिकारी संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हैं।

इस संबंध में यदि नगरीय क्षेत्र में अवैध/अनाधिकृत कालोनियों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, तो इसकी लिखित सूचना दी जा सकती है। मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के अध्याय-3 में अनाधिकृत कालोनियों के विकास के विरूद्ध नगरपालिका/नगर परिषद क्षेत्र में स्थापित/निर्मित अवैध/अनाधिकृत कॉलोनियों की लिखित सूचना/शिकायत न्यायालय कलेक्टर दमोह में प्रस्तुत की जा सकती है।

इसी प्रकार मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के प्रावधानों में अनाधिकृत कालोनियों के विकास के विरूद्ध ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थापित/निर्मित अवैध/अनाधिकृत कॉलोनियों की लिखित सूचना/शिकायत न्यायालय कलेक्टर दमोह अथवा संबंधित क्षेत्र के न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) में प्रस्तुत की जा सकती है।

अवैध/अनाधिकृत कॉलोनियों के निर्माण कार्य की सूचना दमोह हेल्पलाईन नम्बर 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम/पता/मोबाईल नम्बर पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

## जिले में जैविक-प्राकृतिक हाट बाजार से उपभोक्ताओं में काफी उत्साह

### कलेक्टर श्री कोचर ने कृषि विकास विभाग के सचिव श्री सेलवेन्द्रम को लिखा अर्धशासकीय पत्र

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 06 जनवरी। दमोह जिले में जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार लगाने में जैविक खेती करने वाले कृषकों को उचित दाम मिल रहे हैं, वहीं उपभोक्ताओं को जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं। जिससे कृषकों एवं उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। इसे और अधिक विनियमित करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस आशय का अर्धशासकीय पत्र कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव श्री एम सेलवेन्द्रम को लिखा है।

उन्होंने कहा है जिले के जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों एवं जैविक/प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों की विशेष मांग एवं शासन की मंशानुसार जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषकों एवं उपभोक्ताओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनुपम पहल की गई। दमोह जिले में जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार स्थल जटाशंकर पार्किग दमोह में 08 दिसम्बर 2024 से निरन्तर प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें लगभग 18-20 कृषक जैविक/प्राकृतिक खेती के उत्पाद विक्रय हेतु लाते हैं एवं हाट बाजार में लगभग 350-400 उपभोक्ता सामग्री क्रय कर रहे हैं तथा प्रत्येक हाट बाजार में लगभग 40-50 हजार रूपये की बिक्री कृषकों की हो रही हैं।

दमोह जिले में जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार लगाने में कृषि विभाग के उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयीन जी.पी.बेन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दमोह आर. के. जैन एवं कृषि विस्तार अधिकारी पिंकु अहिरवार आदि अधिकारियों की महती भूमिका रही हैं।

## नगर पालिका के सामने में रोड पर मकान में चल रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान कचरा डला पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध 5000 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह = 06 जनवरी। आज प्रातः काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निरीक्षण दौरान नगर पालिका के सामने में रोड पर मकान में चल रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान कचरा डला पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध 5000 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।



इस सबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया इस तरह की कार्यवाहियाँ आगे भी जारी रहेगी।

# कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर मामले में एसएसपी के आदेश पर एफआईआर

## -दान और रसीद बुक को लेकर कर्मचारी रफू चक्कर



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा कृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर एक बार फिर सुर्खियों में है। एक बार फिर मंदिर का कर्मचारी मिलने वाले दान और उसकी रसीद बुकों को लेकर रफू चक्कर हो गया है। दान में मिली रकम करोड़ों में बताई जा रही है। मंदिर के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर ने शिकायत की है। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली में नामजद कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है। इस्कॉन मंदिर के मेंबर शिप डिपार्टमेंट में कार्यरत मुरलीधर दास पुत्र निमाईचंद यादव निवासी श्रीराम कॉलोनी, राऊगंज वासा, इंदौर, मध्य प्रदेश हाल निवासी ओवरब्रिज के पास, छटीकरा, थाना जैत को दान दाताओं को दान रसीद देने के लिये नियुक्त किया गया था। आरोप है कि मुरलीधर ने इस्कॉन के खाता से 32 रसीद बुकें लेकर अपने पास रख लीं और दान दाताओं द्वारा दी गई करोड़ों रुपये को हड़प लिया। रसीद बुकों और दान में मिले रुपयों को लेकर वह मंदिर छोड़कर भाग गया। दान की रसीद बुकों और रुपयों को लेकर फरार हुए कर्मचारी के खिलाफ मंदिर के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विश्वनाम दास ने 27 दिसंबर को एसएसपी को शिकायत पत्र दिया। एसएसपी के आदेश पर गुरुवार की देर रात मुरलीधर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। रमणरेती पुलिस चौकी प्रभारी शिवशरण सिंह को विवेचना सौंपी गई है।

**वर्जन**

इस्कॉन वृन्दावन में मेंबरशिप डिपार्टमेंट में काम करने वाले मुरलीधर नामक कर्मचारी पर आरोप है कि उसने दान की रसीदें काट कर रकम का हिसाब नहीं दिया है, मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*-अरविंद कुमार, एसपी सिटी*

# कोहरे के चलते देरी से चल रही ट्रेन, बुंदेलखंड एक्सप्रेस निवाड़ी पहुंची लगभग 5 घंटे देरी से

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। देश की राजधानी दिल्ली में हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम में बदलाव नजर आया है और अब चारों ओर कड़ाके की सर्दी देखी जा रही है तथा दिन का शुभारंभ घने कोहरे के साथ हो रहा है। कड़ाके की सर्दी का असर जहां आम जन पर देखा जा रहा है वहीं घने कोहरे का असर ट्रेन के संचालन पर हो रहा है। घने कोहरे के चलते अधिकांश ट्रेन अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही है वहीं निवाड़ी से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही है जिसमें घने कोहरे का सबसे अधिक प्रभाव बुंदेलखंड एक्सप्रेस पर देखा जा रहा है और यह ट्रेन लगभग 5 घंटे देरी से निवाड़ी पहुंची है इसी तरह निवाड़ी से गुजरने वाली महाकौशल एक्सप्रेस उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस चंबल एक्सप्रेस तथा तुलसी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही है। ग्वालियर से वाराणसी जाने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन का निर्धारित समय निवाड़ी में रात रात्रि 11:12 बजे है जबकि यह ट्रेन लगभग 5 घंटा देरी से निवाड़ी पहुंची और सुबह 4:15 पर निवाड़ी पहुंची है तथा वाराणसी से ग्वालियर की ओर जाने वाली बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन भी निवाड़ी स्टेशन पर लगभग 8 घंटे देरी से पहुंची। बुंदेलखंड एक्सप्रेस का निवाड़ी पहुंचने का समय सुबह 4:32 है लेकिन यह ट्रेन दोपहर 12:30 पर निवाड़ी पहुंची इसी तरह निजामुद्दीन से जबलपुर जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन भी निजामुद्दीन से लगभग 3 घंटे देरी से चली और निवाड़ी अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से पहुंची जबकि जबलपुर से चलकर निजामुद्दीन जाने वाली



महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन भी लगभग ढाई घंटे की देरी से निवाड़ी पहुंची इसके साथ-साथ उदयपुर से खजुराहो जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस भी लगभग डेढ़ घंटे देरी से निवाड़ी पहुंची तथा खजुराहो से उदयपुर जाने वाली इंटरसिटी एक घंटा देरी से निवाड़ी पहुंची। आगरा से चलकर हावड़ा जाने वाली चंबल एक्सप्रेस भी एक घंटे देरी से निवाड़ी पहुंची। चंबल एक्सप्रेस सुबह 9:49 पर निवाड़ी पहुंचती है लेकिन एक घंटे देरी से पहुंची और यह ट्रेन 10:50 पर निवाड़ी पहुंची जबकि हावड़ा से चलकर ग्वालियर की ओर जाने वाली चंबल एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे देरी से निवाड़ी पहुंची। हावड़ा से चलकर ग्वालियर की ओर जाने वाली चंबल एक्सप्रेस का निर्धारित समय निवाड़ी पहुंचने का दोपहर 1:27 है जबकि यह ट्रेन लगभग 4:29 पर निवाड़ी पहुंची और यही हाल तुलसी एक्सप्रेस का भी देखा जा रहा है लोकमान्य तिलक से अयोध्या जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन भी लगभग 1 घंटे 40 मिनट की देरी से निवाड़ी स्टेशन पर पहुंची निवाड़ी स्टेशन पर तुलसी एक्सप्रेस से पहुंचने का निर्धारित समय रात्रि 12:39 है जबकि यह ट्रेन 2:20 पर निवाड़ी पहुंची।

## फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का हुआ अंतिम प्रकाशन

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान की गई मतदाता सूची की कॉपी

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एचबी शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट मुख्यालय में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, एसडीएम निवाड़ी अनुराग निंगवाल, एसडीएम पृथ्वीपुर सतीश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर राजेन्द्र मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के मान से फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर किया गया। इसके साथ ही इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी प्रदान की गई।

# सांसद हेमा मालिनी ने बुलाई अधिकारियों की बैठक

## मथुरा वृन्दावन के चौमुखी विकास पर चर्चा कर दिए निर्देश



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा से लोकप्रिय सांसद और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी बृज के चौमुखी विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसी के तहत उन्होंने आज नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI), मथुरा वृंदावन नगर निगम, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, बृज तीर्थ विकास परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में सांसद हेमा मालिनी ने मथुरा में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और ट्रैफिक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश भी दिए हैं।

इस बैठक में मथुरा वृंदावन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और तीर्थ विकास परिषद के सीईओड्ड श्याम बहादुर सिंह ने क्षेत्र की सुविधाओं और ट्रैफिक व्यवस्था के विकास पर तैयार किए गए मास्टर प्लान की प्रेजेंटेशन दी। इस दौरान उन्होंने सांसद हेमा मालिनी समेत बैठक में मौजूद सभी को मास्टर प्लान समझाया। उन्होंने बताया कि बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले श्रद्धालुओं को अब अपनी गाड़ी पार्क करने की सुविधा मिलेगी। श्रद्धालु यमुना एक्सप्रेस वे और नेशनल हाइवे दोनों ही तरफ से यमुना के उस पार जाकर अपनी गाड़ी पार्क कर सकेंगे। इसके बाद बड़ी ही आसानी से अपने आराध्य भगवान बांके बिहारी को निहार सकेंगे। साथ ही वृंदावन धाम को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही बैठक में हेमा मालिनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बृज की पुरानी धरोहरों को संजोते और सजाते हुए श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुविधाओं का विकास ऐसे होना चाहिए कि उससे भगवान कृष्ण की लीलाओं की अलौकिकता झलके, जिसे उन्हें देखते ही श्रद्धालुओं का मन खुश हो जाए। बृज में जगह-जगह पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन होना चाहिए। इससे बृज की एक अलग पहचान को काफी लोकप्रियता मिलेगी। साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी।

# भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई सबसे बड़ाधर्म युद्ध - जयंती प्रसाद अग्रवाल

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा प्रयागराज महाकुंभ पर्व पर 23 जनवरी को होने जा रही धर्म संसद से संपूर्ण ब्रजभूमि में उत्सुकता के साथ लोग जुड़ रहे हैं, अखाड़ों के सानिध्य में यह आयोजन श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसी श्रृंखला में आज विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत बृजवासी जनमानस से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति धर्म युद्ध से जुड़ने के लिए हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा फलाहारी के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया। अभियान से जुड़ते हुए श्री रामलीला सभा के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध उद्योगपति



जयंती प्रसाद अग्रवाल ने अपने निवास पर उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण संपूर्ण विश्व के पालक हैं। जन्मभूमि से न्यायालय के द्वारा, अतिक्रमण अति शीघ्र हटेगा, ऐसा प्रत्येक बृजवासी सहित विश्व के सनातनियों को विश्वास है न्यायालय प्राचीन साक्ष्यों और तत्वों के आधार पर फैसला देगा। 23 जनवरी को होने वाली धर्म संसद में संत जन जो निर्णय लेंगे उसका अक्षर पालन किया जाएगा।

हिंदूवादी दिनेश शर्मा फलहारी ने कहा कि सभी बृजवासियों एवं जन समर्थन से ही यह धर्म युद्ध लड़ा जा रहा है. प्रयागराज में होने वाली धर्म संसद के लिए जनमानस की भव्य उपस्थिति के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. आपको बता दें यह वही दिनेश शर्मा है जिन्होंने लगभग 2 वर्ष पहले संकल्प लिया था कि जब तक कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से अवैध अतिक्रमण से मुक्त नहीं होगी तब तक वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे और नंगे पैर ही रहेंगे. दिनेश शर्मा फलाहारी ने कहा कि हिन्दू जनमानस का बल ही हमें प्रेरणा देता है। इस अवसर पर दिव्य शक्ति अखाड़े के महामंत्री पं राजेश पाठक, गिरिराज सिंह बाल्मीकि, कमलेश चौधरी, जय राम शर्मा, नरेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सागर जिले में मंत्री गोविंद राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के बीच चोरी के माल के बंटवारे को लेकर चल रही जंग इस बात का प्रमाण है कि सरकार में हर स्तर पर लूट खसोट और भ्रष्टाचार मचा हुआ है- जीतू पटवारी

## -प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीना विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया

## -प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीना नगर आगमन पर जगह-जगह भव्य जोरदार हुआ स्वागत








**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीना विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया,प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीना नगर आगमन पर जगह-जगह भव्य जोरदार हुआ स्वागत उन्होंने कहा कि सागर जिले में मंत्री गोविंद राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के बीच चोरी के माल के बंटवारे को लेकर चल रही जंग इस बात का प्रमाण है कि सरकार में हर स्तर पर लूट खसोट और भ्रष्टाचार मचा हुआ है, उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने बीना विधानसभा पहुंचे। श्री पटवारी के साथ अभा कांग्रेस के सचिव मप्र प्रभारी चंदन यादव भी उपस्थित थे। स्थानीय सिंधी धर्मशाला में आयोजित विधानसभा स्तरीय ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने पर श्री पटवारी सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीना विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा की स्थिति मदमस्त पागल हाथी की तरह हो चुकी है जो प्रदेश की शोषित वंचित और पीड़ित जनता को कुचलना का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कर्ज करप्शन और क्राइम चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि सागर जिले में मंत्री गोविंद राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के बीच चोरी के माल के बंटवारे को लेकर चल रही जंग इस बात का प्रमाण है कि सरकार में हर स्तर पर लूट खसोट और भ्रष्टाचार मचा हुआ है। सागर में धार्मिक आधार पर चल रहे विवाद के लिए उन्होंने भाजपा के जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सभी धर्मों का संदेश आपसी प्रेम,सद्भाव और भाईचारा है। लेकिन भाजपा के लोग धर्म के आधार पर वैमनस्यता फैलाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए। उन्होंने सागर के सभी धर्म और संप्रदाय के लोगों से आपसी प्रेम सद्भाव और मिलजुल कर रहने की अपील की। बीना विधायक निर्मला सप्रे को लेकर जीतू पटवारी ने कहा कि उनकी विधायकी जाना तय है। भाजपा ने निर्मला सप्रे को कांग्रेस से भाजपा में लाकर लोकतंत्र का चीर हरण किया है। अब समय आ रहा है कि भाजपा रूपी कौरवों की सेना को आने वाले उपचुनाव में कांग्रेसजन पांडव बनकर उपचुनाव रूपी रण में धर्म युद्ध की तरह सबक सिखाएं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार विपक्ष के रूप में सत्ता पर लगाम लगाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस जिम्मेदारी को कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से निभाते हुए भाजपा के भ्रष्टाचारपर लगाम लगाने का काम करें। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सैग्रही ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत कमेटियों का गठन करेगी जिसकी शुरुआत बीना से होगी जिसमें सभी वर्गों के लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारी मां है और पार्टी का सम्मान करना हमारा दायित्व है। भारतीय जनता पार्टी में लगी है किसानों की आर्थिक स्थिति दयनीय है, ना खाद है ना बीज है, पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। भाजपा जिन वादों को लेकर सरकार में आई वह एक भी वादा पूरा नहीं किया। किसानों से किया 2700 रुपए गेहूं के और 3100 रुपए धान, 6000 सोयाबीन के वादे को सरकार भूल गई, महिलाओं को 3000 रुपए देने का वादा किया था लेकिन सरकार में आने के बाद भाजपा इन सब बातों को भूल गए और वह मदमस्त हाथी की तरह हो गई। जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी जी और कांग्रेस जातिगत जनगणना करना चाहती है लेकिन भाजपा इससे दूर भाग रही है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि जातिगत जनगणना के साथ-साथ आर्थिक सर्वे भी करना चाहिए ताकि गरीबी अमीरी का अंतर सामने आ सके। भाजपा केवल नफरत फैलाने और आपस में लड़ाने की राजनीति करती है। सभी धर्म एक ही बात कहते हैं कि दीन दुखियों की सेवा करो मानवता रखो, गरीबों की पहले सोचो, मिलजुल कर रहो, प्रेम और भाईचारे के साथ रहो। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी चंदन सिंह ने भी इस दौरान मंडलम एवं सेक्टर पदाधिकारीयों की भी बैठक ली। इस दौरान सम्मेलन स्थल पहुंचने के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कार्यकर्ताओं के हुजूम ने जगह-जगह स्वागत किया। कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव मध्य प्रदेश के सह प्रभारी चंदन यादव ब्लॉक पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर,अध्यक्ष इंदर यादव, इंदर सिंह ठाकुर, सहित अन्य कांग्रेसजनों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सागर लोकसभा प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला, कुणाल चौधरी, घनश्याम सिंह, आनंद अहिरवार, मनोज कपूर, पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर, सुरेन्द्र चौधरी, मुकुल पुरोहित, पूर्व विधायक सुनील जैन, सुरेन्द्र सुहाने, संदीप सवलोक, तरवर सिंह लोधी, अमित रामजी दुबे, श्रीमती रेखा चौधरी, वीरसिंह यादव, अभिषेक वीरेन्द्र गौर, जगदीश यादव, विकास शर्मा, हीरालाल चौधरी, मनोज पंवार, प्रहलाद पटेल, त्रिलोकीनाथ कटारे, शरद पुरोहित, विवेक मिश्रा,अजय दातरे, अनुराग ठाकुर, ओमप्रकाश पंजाबी पासू रामकिशन अहिरवार राजाराम अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

# आधा दर्जन फरार अपराधियों पर घोषित हुआ इनाम

छतरपुर। जिले के अलग-अलग थाना में दर्ज प्रकरणों में फरार चल रहे करीब आधा दर्जन अपराधियों पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम घोषित कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गौरिहार थाना में दर्ज चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी देवेंद्र तिवारी पिता दीनदयाल निवासी ग्राम गहबरा, सिविल लाइन थाना में दर्ज चोरी के प्रकरण में फरार जगन उर्फ जगजीवन अहिरवार पिता गोरेलाल निवासी सेंधपा थाना बड़ामलहरा, कोतवाली थाना में दर्ज चोरी के प्रकरण में फरार दीपक उर्फ बाहुबली साहू पिता राकेश साहू निवासी ईसानगर, लवकुशनगर थाना के गृह भेदन एवं मारपीट के प्रकरण में फरा आरोपी राजा भैया केवट पिता किलकोटी केवट निवासी पंचमनगर थाना चंदला और थाना बक्सवाहा में दर्ज हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार कमल लोधी निवासी ग्राम मड़देवरा की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। जबकि बमीठा थाना में दर्ज हत्या के प्रकरण में फरार अज्ञात आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

***<u>इन इनामी अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार</u>***






वहीं दूसरी ओर गौरिहार पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के प्रकरण में फरार चल रहे 7000 के इनामी आरोपी पंकज शुक्ला और गुड़िया शुक्ला निवासी ग्राम गहबरा को, बड़ामलहरा पुलिस ने 8000 के इनामी 3 आरोपी छोटू लोधी, अरुण लोधी औश्र मुकेश चौबे निवासी ग्राम दरगंवा को, बक्सवाहा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में 5000 के इनामी आरोपी अनुज उर्फ कन्हैया पटेल निवासी ग्राम फुटेरा थाना बटियागढ़ जिला दमोह, चार पहिया वाहन चोरी के मामले में फरार 5000 की इनामी आरोपी रत्नेश उर्फ बटलर यादव और हत्या के प्रयास के मामले में फरार 5000 के इनामी आरोपी बबलू लोधी निवासी मड़देवरा को गिरफ्तार करने कीक कार्रवाई की है।

***<u>बरेठी हत्याकांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार</u>***

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी में 26 दिसंबर को हुई हत्या के मामले में 4 आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था, जिसके सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि तीन आरोपी रामप्रताप सिंह परमार, ज्ञानेंद्र सिंह परमार और अरविंद सिंह परमार को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि चौथे आरोपी धर्मेंद्र सिंह परमार पिता लल्लू राजा निवासी ग्राम बरेठी सोमवार को गिरफ्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र सिंह के विरुद्ध मारपीट, अपहरण और एससी-एसटी के 2 अपराध पहले से भी दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

***<u>अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस</u>***

छतरपुर। अवैध हथियारों के प्रदर्शन करने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने तीन बदमाशों को बीते रोज गिरफ्तार किया था। सोमवार को पकड़े गए बदमाशों का जुलूस निकाते हुए पुलिस न्यायालय लेकर गई। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान राज अहिरवार उर्फ एक टाइम पिता भगवान दास अहिरवार निवासी टोरिया मोहल्ला को मातवाना मोहल्ला खेत के पास से एक 315 बोर के देशी कट्टा सहित, राहुल रैकवार पिता हल्के रैकवार निवासी नारायणपुरा रोड छतरपुर को महोबा रोड से 32 बोर के देशी कट्टा सहित और संदीप सोनी पिता राज बहादुर सोनी निवासी इलाहाबाद बैंक के पास छतरपुर को सरानी दरवाजा के पास से एक लोहे का धारदार हथियार छुरा सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध कर, उन्हें पैदल न्यायालय ले जाया गया है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321